## खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष के निवास पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आत्मीय स्वागत

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के निवास पर आगमन हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री यादव ने मंत्री श्री पटेल का पुष्प-गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर श्रीमती विजया शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहाके, जिला महामंत्री विजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, भारत घई, धर्मेन्द्र मिगलानी, विजेन्द्र चौहान, दिन्शु यादव, दिनेश अंगारिया, अलकेश साव, अनिल राय, प्रमोद शर्मा, राहुल बंटी उईके, लोकेश डेहरिया, राकेश माईकल पहाड़े, शिव पटेल, कुबेर सूर्यवंशी, मनीष निर्मलकर, यमन साहू, मोंटी शर्मा, निन्ना शुक्ला, तरूण सोनी, अनीश पटेल सहित भाजपा परिवार के सदस्यों ने मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का स्वागत किया।

### गमछे से गला घोंटकर शव सड़क किनारे फेंका, 2 आरोपी अब भी फरार

# उधारी विवाद में युवक की हत्या, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



जिले में पैसों के लेनदेन के विवाद में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। 08 मार्च 2026 को सिवनी-छिंदवाड़ा रोड स्थित ग्राम चोरगांव ब्रिज के पास कृष्णकुमार वर्मा (35) निवासी हिवरखेड़ी का शव संदिग्ध हालत में मिला था। शव के गले पर रस्सीनुमा निशान पाए जाने पर पुलिस ने जांच शुरू की।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मृतक की मौत गले को दबाने से दम घुटने के कारण हुई है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले से ही हत्या की योजना बना रखी थी। 07 मार्च की रात आरोपी कृष्णकुमार को बहाने से सिहोरा ढाबा के पास बुलाकर सुनसान जगह चोरगांव रोड ले गए।वहां आरोपी चंद्रकांत उर्फ चंदू वर्मा ने गाड़ी में रखा गमछा मृतक के गले में डाल दिया और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर उसे कस दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को XUV कार में डालकर ब्रिज के पास फेंक दिया और मोटरसाइकिल भी वहीं छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने मामले में धारा 103(1) BNS के तहत प्रकरण दर्ज कर चार आरोपियों—अखिलेश वर्मा, शुभम उर्फ शिवा वर्मा, चंद्रकांत वर्मा और मनोज विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। घटना में प्रयुक्त गमछा और वाहन भी जब्त कर लिए गए हैं।मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस टीम की इस कार्रवाई में कई अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इन धाराओं के लिए हुई पुलिस कार्रवाई

मामले में पुलिस ने अप. क्र. 231/26 धारा 103(1) **BNS** के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त गमछा और वाहन जब्त कर लिए हैं।चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल छिंदवाड़ा भेज दिया गया है। वहीं, दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

अखिलेश वर्मा (38) निवासी हिवरखेड़ी
शुभम उर्फ शिवा वर्मा (24) निवासी हिवरखेड़ी
चंद्रकांत उर्फ चंदू वर्मा (36) निवासी पिपरिया कला
मनोज विश्वकर्मा (40) निवासी हिवरखेड़ी

### जप्त सामग्री

सफेद रंग का गमछा (हत्या में प्रयुक्त)स्कॉर्पियो वाहन (**MP 42 BC** 0876)**XUV** 3**XO** कार

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस पूरे मामले के खुलासे में निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले, उपनिरीक्षक पारसनाथ आर्मा, सउनि शेख आजाद सहित अन्य पुलिसकर्मियों और साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मार्च में संपत्तिकर का भुगतान नहीं करने पर समाप्त हो जाएगी 50% छूट

# 31 मार्च तक नहीं किया जमा तो 1 अप्रैल 2026 से टैक्स हो जाएगा डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

वित्तीय वर्ष 2025- 26 का अंतिम माह के मात्र 10 दिन शेष है। नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर मार्च में शासकीय अवकाश होने के बाद भी मुख्य कार्यालय, जोन कार्यालय कुकड़ा जगत, जगन्नाथ स्कूल, चंदनगांव एवं लोनिया करबल जोन के संपत्ति कर एवं जलकर के संग्रहण काउंटर कार्यालय समय पर खुले रहेंगे तथा जोन के अन्य कर्मचारी भी कार्यलय में उपस्थित रह कर वसूली संबंधी कार्य में सहयोग करेंगे।

इसके साथ ही निगमायुक्त के आदेश पर सभी 48 वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक एवं जलकर वसुलिकर्ता वार्ड में कर संग्रहण का कार्य करेंगे। निकाय क्षेत्र के करदाता तथा उपभोक्ता अपने संपत्ति कर एवं जलकर का भुगतान निगम कार्यालय, जोन कार्यालय अथवा वार्ड के कर संग्रहकर्ता को कर सकते है। नगर निगम द्वारा आवासीय भवनों के संपत्ति कर में प्रतिवर्ष 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है परंतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा 26 सितंबर 2020 को जारी राजपत्र के अनुसार यदि भवन स्वामी द्वारा चालू वर्ष के संपत्ति कर भुगतान 31 मार्च तक नहीं किया गया तो संपत्ति कर पर दी जाने वाली 50 प्रतिशत छूट समाप्त हो जायेगी और भवन स्वामी को मूल संपत्ति कर का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही भवन स्वामी पर अधिभार भी अधिरोपित किया जाएगा। इस असुविधा से बचने के लिए भवन स्वामी करदाता को अपने बकाया संपत्ति कर भुगतान 31 मार्च के पूर्व करना होगा। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि वर्तमान में जारी आवासीय संपत्ति कर के बिल में वर्ष 2025-26 की राशि 50 प्रतिशत छूट घटाकर लिखी गई है अतएव करदाता को बिल में लिखी राशि ही जमा करना है। करदाता ई नगर पालिका सिटीजन ऐप के माध्यम से भी अपने करो का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकते है।

# आपूर्ति विभाग की टीम ने नाहर एलाइड गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण

### गैस रिफिल में नियमों के पालन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती गंगा कुमरे, एचपी गैस के सेल्स ऑफिसर अभिजीत सूर्यवंशी एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी शहरी राघवेन्द्र सिंह लिल्हारे द्वारा संयुक्त रूप से आज प्रातः 7:30 बजे खजरी रोड स्थित नाहर एलाइड गैस एजेंसी के गोदाम का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान एजेंसी संचालक को निर्देशित किया गया कि पंजीकृत उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की होम डिलीवरी बुकिंग क्रम के आधार पर ही सुनिश्चित की जाए, अर्थात जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग पहले हुई है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही एजेंसी के डिलीवरी वाहनों का चंदनगांव, पटेल मंगल भवन एवं मोहन नगर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि कर्मचारियों द्वारा गैस रिफिल की होम डिलीवरी की जा रही है। मौके पर डिलीवरी वाहन कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि वे उपभोक्ताओं को नियमानुसार बुकिंग क्रम के आधार पर ही गैस रिफिल उपलब्ध कराएं। साथ ही उपभोक्ताओं द्वारा गैस रिफिल के लिए निर्धारित शुल्क कैश मेमो के अनुसार ही भुगतान किया जाना सुनिश्चित करने की बात भी कही गई।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में छिन्दवाड़ा जिला इस माह भी ' ए ' ग्रेड में

**छिन्दवाड़ा।** राज्य स्तर से 20 मार्च को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह फरवरी 2026 की ग्रेडिंग जारी की गई, जिसमें इस बार भी छिंदवाड़ा जिला ए ग्रेड में शामिल रहा है। कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा की गई सतत मॉनिटरिंग के फलस्वरूप 80.63 प्रतिशत वेटेज स्कोर और ए ग्रेड के साथ जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर श्री नारायन द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की स्वयं नियमित समीक्षा की जाती है। उनके द्वारा विभागवार शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों की बैठक लेकर प्रकरणों की प्रगति पर नजर रखी जाती है और लापरवाही पर कार्रवाई भी की जाती है। फरवरी माह की रैंकिंग में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने 97.7 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ प्रदेश में तीसरा और छिंदवाड़ा पुलिस ने 85.92 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया है।

### भाजपा ने किसानों से अन्याय किया, युवाओं को ठगा और माताओं-बहनों से झूठ बोला:- नकुलनाथ



**छिन्दवाड़ा:-** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार पांढुर्ना जिले के ब्लॉक कांग्रेस धनौरा (नांदनवाड़ी) एवं उप ब्लॉक कांग्रेस चिचोलीबड़ में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित हुए। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गूंगी,बहरी अंधी सरकार ने प्रदेश और जिले के किसान भाइयों व युवा साथियों को ठगा है। माताओं व बहनों से झूठ बोला है। चुनाव से पहले अनेकों वादे और घोषणाएं की, लेकिन सरकार के दो साल बीतने के बाद भी पूरा नहीं किया।

किसान खाद और बीज के लिए भटकता है और भाजपा के लोग कालाबाजारी करते हैं। किसान खाद मांगता है तो भाजपा की सरकार पुलिस से लाठियां बरसाती है और फिर अपराध दर्ज करवाती है। यह कैसी सरकार है जिसे अन्नदाता का दुख और दर्द नजर नहीं आता। युवाओं की बेरोजगारी दिखाई नहीं देती। प्रधानमंत्री ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, 2 करोड़ तो छोड़िए 200 नौजवानों को भी रोजगार नहीं मिल रहा।

### शेडामे परिवार में पहुंचकर संदीप मोहोड़ ने दी श्रद्धांजलि



**सौंसर।** नागपुर-सौसर मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने वाघोडा क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। इस भीषण दुर्घटना में शेडामे परिवार के दो सदस्यों, स्व. नामदेव शेडामे और उनके पुत्र स्व. पुसराम (पिंटया) शेडामे का असामयिक निधन हो गया।पिता-पुत्र की एक साथ मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। हादसे की सूचना मिलते ही शनिवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ मृतक के निवास स्थान पहुँचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। भेंट के दौरान भाजपा नेताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। जिला अध्यक्ष ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को इस अपार कष्ट और वज्रपात को सहने की शक्ति व संबल प्रदान करें। यह पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। भाजपा परिवार इस दुख की घटना में परिवार के साथ खड़ा है।

### कलश यात्रा के साथ धमनिया में देवी भागवत कथा प्रारंभ

**परासिया:** जनपद पंचायत परासिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत धमनिया में जय शक्ति भागवत समिति के द्वारा कलश यात्रा गांव में भ्रमण करने के बाद भागवत कथा प्रारंभ हो



गया है, 21 मार्च से 27 मार्च तक इस भागवत कथा के दौरान परम भागवताचार्य पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री द्वारा भागवत कथा का प्रवचन किया जा रहा है। क्षेत्र वासियों को भागवत कथा का श्रवण करने का समय दोपहर 2:00 से 6:00 बजे तक एवं शाम को 8 से 11:00 बजे तक रहेगा ,27 मार्च को भागवत कथा का समापन पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का वितरण होगा।भागवत समिति के सदस्यों ने क्षेत्र वासियों को इस भागवत कथा के श्रवण करने के लिए उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।सनद हो की ग्राम धमनिया में हर वर्ष भागवत कथा का आयोजन किया जाता है जिसमें ग्रामीण और क्षेत्र वासियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस पावन पर्व पर पूरा ग्राम धमनिया धर्ममय हो जाता है।

### राज्यस्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान जनभागीदारी की अनूठी पहल

**परासिया।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादवजी के नेतृत्व मे जल गंगा संवर्धन अभियान का तृतीय चरण 19 मार्च से 30 जून तक होना है जिसमे सभी की जन भागीदारी अत्यंत आवश्यक है विधानसभा क्षेत्र परासिया से भाजपा नेता विनायक धर्माजी नागदवने ने सभी जनता से अपील की गई है कि जब सब जुड़ेगे ,तब ही जल बचेगा, धरती बचेगी, आने वाली पीढ़ीयों का भविष्य सुरक्षित होगा श्री विनायक नागदवने भाजपा नेता के द्वारा निवेदन किया गया है कि पिछले दो चरणो मे 3.50 लाख से अधिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के साथ नए निर्माण कार्य भू- जल स्तर मे वृद्धि और खेतो के लिए संजीवनी साबित होने वाला ईस अभियान मे बढ़ चढ़कर सभी अपनी जनभागीदारी सुनिश्चित करे जिससे कि अधिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके एवं पानी को सुरक्षित किया जा सके।



# जिलेवासियों को मिल रहा 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

धर्म के प्रति विशेष आस्था रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, कल्याण और वैभव की कामना के लिए जहा लगातार धार्मिक स्थलों की पदयात्राएं कर रहे है वही अब चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में 1008 कुण्डीय सहस्त्र चण्डीय महायज्ञ के दिव्य और पुण्य आयोजन का लाभ जिलेवासियों को दिला रहे है।

श्री रामेश्वर धाम में जारी सहस्त्र चण्डीय महायज्ञ में तीसरे दिन श्रद्धालुओं का सुबह से रात तक ताता लगा रहा। इस दौरान जहा विशेष अतिथियों ने श्री रामेश्वर धाम में पहुंचकर पूजा-अर्चना की वही 1008 कुण्डों में हजारों यजमानों और हजारों श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित की।

### श्री काली बाड़ी मंदिर : 351 ज्योति कलश की दिव्य स्थापना

**छिंदवाड़ा।** नगर के सबसे ऊंचे स्थल धर्म टेकड़ी पर स्थित श्री काली बाड़ी मंदिर वर्ष 2012 से धर्म नगरी के प्रमुख पर्यटन एवं आस्था केंद्र के रूप में स्थापित है। यह मंदिर न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं, बल्कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर के मुख्य पुजारी श्री श्रीमंत चक्रवर्ती जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां वर्षभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम बंगाली परंपरा एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न किए जाते हैं। इस पावन चैत्र नवरात्र के अवसर पर माँ के 351 दिव्य ज्योति कलशों की भव्य स्थापना की गई है। ये सभी कलश विशेष रूप से पीतल (ब्रास) के बने हुए हैं, जिन्हें बंगाल से विशेष रूप से मंगवाया गया है। प्रत्येक वर्ष चैत्र एवं शारदीय नवरात्रों में इन्हीं ताम्रपात्र कलशों में स्थापना की परंपरा निभाई जाती है। इसके साथ ही माँ को दिव्य शिमई दान अर्पित किया गया है तथा प्रतिदिन 108 ज्योतियों के साथ भव्य आरती संपन्न की जा रही है। मंदिर में माँ का अभिषेक, पूजन-पाठ, वस्त्र श्रृंगार एवं आभूषण सेवा सहित सभी धार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक निरंतर जारी हैं।नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ के दर्शन हेतु पहुँच रहे हैं और भक्ति भाव से सहभागी बन रहे हैं। श्री काली बाड़ी मंदिर समिति द्वारा सभी कार्यक्रमों का सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन किया जा रहा है। आप सभी श्रद्धालुजन इस पावन अवसर पर मंदिर के कार्यक्रमों में सादर आमंत्रित हैं।

### सौंसर में तेंदुए का तांडव, ग्रामीणों में दहशत

# गोहठान में तेंदुए ने बनाया तीन बछड़ों को निवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



ग्रामीण अंचलों ओर सौसर क्षेत्र में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रामाकोना और औद्योगिक क्षेत्र के बाद अब तेंदुए ने सौसर शहर के नजदीकी इलाके में दस्तक दी है। शनिवार तड़के वार्ड नंबर 1 स्थित गोहठान क्षेत्र में तेंदुए ने एक ही रात में तीन गाय के बछड़ों को अपना शिकार बनाकर सनसनी फैला दी। इस घटना के बाद से किसानों और खेतिहर मजदूरों में अपनी जान को लेकर गहरा खौफ देखा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नं. 1 ससा खरौनी मार्ग पर स्थित किसान मोरेश्वर डॉडवे के खेत में यह घटना घटी। बीती रात तेंदुए ने खेत में बंधे तीन बछड़ों पर हमला कर उन्हें मार डाला। शनिवार सुबह जब किसान अपने खेत पर पहुंचा, तो वहां का मंजर देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। तीनों बछड़े मृत अवस्था में पाए गए। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर पदचिह्नों (पगमार्क) की जांच की और पंचनामा तैयार किया।

क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि तेंदुआ पिछले कुछ दिनों से लगातार रिहायशी इलाकों के करीब देखा जा रहा है। इससे पहले रामाकोना और खापरखेड़ा (औद्योगिक क्षेत्र) में तेंदुए ने मवेशियों को निशाना बनाया था। अब शहर के वार्ड नंबर 1 तक तेंदुए की पहुंच ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। वन विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों के लिए 'अलर्ट' जारी किया है, किसानों को रात के समय खेतों की रखवाली के लिए वहां न रुकने की सलाह दी गई है। पशुपालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने मवेशियों को खुले खेतों या गोहठान में बांधने के बजाय सुरक्षित और बंद स्थानों पर रखें।रात के समय खेतों की ओर अकेले आवागमन न करें और हमेशा टॉर्च या डंडा साथ रखें।

फिलहाल वन विभाग की टीम तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश कर रही है, लेकिन अभी तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए ताकि जनहानि को रोका जा सके।

# अक़ीदत के साथ अदा हुई नमाज ए ईद उल फितर



**न्यूटन / परासिया :** न्यूटन ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद देश में अमन और चैन एवं भाईचारे की दुआ मांगी गई। हाफिज जाकिर हुसैन एवं हाफिज तहसीन रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। सदर जमील खान , सेक्रेटरी असलम खान , खजांची शरीफ खान एवं अंजुमन कमेटी ने सब को मुबारकबाद दी ईदगाह में न्यूटन नगर पंचायत के अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय उपाध्यक्ष संत लाल यादव पार्षद नीरू अजय चंदेल , अर्चना डेहरिया , राजेश डेहरिया एवं पार्षद गण उपस्थित हुए। नगर पंचायत की ओर से मिठाई वितरित की गई।

**हज को जाने वालों का हुआ इस्तक़बाल :-** ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने से पूर्व अगले महीने हज के लिए जाने वाले लोगों का इस्तक़बाल भी किया गया। इनमें जाटाछापर के सैय्यद रियाज मोहम्मद , न्यूटन नंबर 13 के मुमताज़ खान और न्यूटन वार्ड 11 के शेख नाहिद शामिल हैं।

### सचिवों की अनुपस्थिति से परेशान ग्रामीण, शिकायतों के बावजूद नहीं हो रहा समाधान, RTI की भी नहीं मिल रही जानकारी

# तामिया जनपद पंचायत में अव्यवस्था का बोलबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया (बाबा ठाकुर)



छिंदवाड़ा जिले की तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली 56 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण इन दिनों भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। पंचायत से जुड़े छोटे-बड़े कामों के लिए ग्रामीणों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन अधिकांश पंचायत मुख्यालयों पर सचिवों की अनुपस्थिति के कारण उनके कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि या तो जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का इन सचिवों पर कोई नियंत्रण नहीं है या फिर उन्हें अघोषित छूट दे दी गई है। यही वजह है कि पंचायतों में लापरवाही लगातार बढ़ती जा रही है।

### कलेक्टर तक पहुंची शिकायतें

पंचायत कार्यों में लापरवाही को लेकर तामिया मुख्यालय की ग्राम पंचायत के पंचों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत भी सौंप दी है। वहीं पांडूपिपरिया पंचायत में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जैतपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीण जनपद कार्यालय पहुंचकर सरपंच और सचिव के खिलाफ लिखित शिकायत कर चुके हैं। जोगी मुआर के नागरिक भी अपनी समस्याएं लेकर जनपद कार्यालय पहुंचे, लेकिन आज तक किसी भी शिकायत का ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

### जनपद कार्यालय पर भी उठे सवाल

केवल ग्राम पंचायत ही नहीं, बल्कि जनपद कार्यालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां छोटी से लेकर गंभीर शिकायतों तक पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसका एक उदाहरण सांदीपानी स्थित स्कूल के कुएं का मामला है, जिसे ठेकेदार द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था। इस पर सचिव ने कार्रवाई के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र भेजा, लेकिन वह पत्र कार्यालय से आगे नहीं बढ़ सका।

### RTI कानून की भी अनदेखी

सूचना के अधिकार (**RTI**) के तहत भी लापरवाही सामने आई है। तामिया निवासी भूपेंद्र सिंह ने 20 फरवरी को जामुन ढोंगा ग्राम पंचायत में आरईएस के तालाब निर्माण में कथित भ्रष्टाचार की जानकारी मांगी थी। उन्होंने 10 के पोस्टल ऑर्डर के साथ विधिवत आवेदन दिया, लेकिन एक माह बीतने के बाद भी उन्हें कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

### ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

लगातार अनदेखी और लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि तामिया जनपद पंचायत का संचालन एक सरकारी संस्था की बजाय निजी कंपनी की तरह हो रहा है, जहां जवाबदेही का अभाव साफ नजर आता है।कार्रवाई की मांगग्रामीणों ने जिला पंचायत अधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द इस जनपद पंचायत की कार्यप्रणाली की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो पंचायत क्षेत्र के लोगों की समस्याएं और बढ़ेंगी और पंचायती राज व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होंगे।

## नवरात्रि पर दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु, यहां मनोकामनाएं होती है पूरी

# हिंगलाज माता मंदिरः आस्था और मान्यता का पावन संगम





हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के परासिया विकासखंड अंतर्गत गुड़ी-अंबाड़ा के समीप स्थित हिंगलाज माता मंदिर क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्रों में शामिल है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से मां के दरबार में की गई प्रार्थना अवश्य पूरी होती है। विशेष बात यह है कि देश में हिंगलाज माता के सीमित मंदिरों में यह मंदिर विशेष स्थान रखता है।

### भौगोलिक स्थिति और धार्मिक आकर्षण

यह मंदिर छिंदवाड़ा नगर से लगभग 40 किलोमीटर दूर परासिया मार्ग पर दक्षिण दिशा में स्थित है। प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित यह धाम श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है। यहां प्रतिदिन भक्तों की आवाजाही बनी रहती है, जबकि मंगलवार और शनिवार को विशेष भीड़ देखने को मिलती है।

### नवरात्रि पर्व पर विशेष तैयारियां

नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में विशेष चहल-पहल रहती है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं। परिसर में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं और पुलिस बल की तैनाती की जाती है। साथ ही मेले जैसा माहौल बनाने के लिए बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले और अन्य आकर्षण भी लगाए जाते हैं।

### पवित्र जल कुंड की परंपरा

मंदिर के प्रवेश द्वार पर बना जल कुंड श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। इस कुंड में निरंतर जल प्रवाहित होता रहता है, जहां भक्तजन अपने चरण धोकर पवित्र भाव से मंदिर में प्रवेश करते हैं। यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है और श्रद्धालु इसे श्रद्धा के साथ निभाते हैं।

### ज्योति कलश की अद्भुत छटा

नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर में हजारों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते हैं। इन दीपों की रोशनी से संपूर्ण मंदिर परिसर आलोकित हो उठता है और वातावरण भक्तिमय हो जाता है, जो श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करता है।

### ऐतिहासिक मान्यता और जनश्रुति

मंदिर के इतिहास से जुड़ी एक प्रचलित जनश्रुति के अनुसार, अंग्रेजी शासन काल में एक कोयला खदान के संचालक ने यहां स्थापित मूर्ति को हटाने का प्रयास किया था, किंतु इसके बाद खदान धंसने की घटना घटित हुई, जिसे श्रद्धालु माता की शक्ति से जोड़कर देखते हैं।

### कुलदेवी के रूप में विशेष पहचान



हिंगलाज माता को राजस्थान के काठियावाड़ राजघराने की कुलदेवी के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। यही कारण है कि इस मंदिर का धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ जाता है। समग्र रूप से हिंगलाज माता मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं का जीवंत प्रतीक भी है, जहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## ईद-उल-फितर का त्यौहार हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण संपन्न



**जुन्नारदेव,**: नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्यौहार हर्षोल्लास, आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह ईदगाह एवं मस्जिदों में पहुंचकर विशेष नमाज अदा की और देश व प्रदेश की खुशहाली, अमन-चैन तथा तरक्की के लिए दुआएं मांगीं गई। मस्जिद आयशा वार्ड नंबर 7, मस्जिद अहले हदीस वार्ड नंबर 9 में सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की गई। नगर की प्रमुख ईदगाह में 8:30 बजे मस्जिद गरीब नवाज में 9:00 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की गई।नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।ईद के इस पावन अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज को बधाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, पार्षद अरुणेश जायसवाल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया, विधायक सुनील उइके के प्रतिनिधि शरद मोहोरे, पुलिस थाना की नगर निरीक्षक जे .मसराम ,सब इंस्पेक्टर मुकेश डोंगरे, मंगलेश राजपूत , यशदीप साहू, सोहन जंगेला,सहित भाजपा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।जिससे पूरे क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी रही।

## आजाद समाज पार्टी की विशेष बैठक सम्पन्न, पार्टी संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

**दमुआ।** शुक्रवार को श्री अजयपाल डेहरिया जी के निवास स्थान पुराना दमुआ में आजाद समाज पार्टी की विशेष बैठक का आयोजन किया गया बैठक में अहम मुद्दो को लेकर संगठन के विस्तार के संबंध मे विशेष रूप से चर्चा की गई बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप जुलमे, उपाध्यक्ष गोले शेन्डे, विधान सभा प्रभारी यशवन्त बघेल, नगर अध्यक्ष अजय ठाकरे, उपाध्यक्ष विजय बागवानी, संगठन मंत्री ओमकोलारे, जिला सचिव पवन जाटव, महिला अध्यक्ष श्रीमती मनोती पाल, उपाध्यक्ष देवांशी उइके , महासचिव श्रीमती रंजना चैरे, संगठन मंत्री संगीता बरहैया, जुन्नारदेव ब्लाक अध्यक्ष अरूण बानवंशी, विधान सभा प्रभारी अजय पाल डेहरिया, भीम आर्मी संभाग उपाध्यक्ष जाय भावरकर, भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र कोचे, जिला महासचिव मदन बरखाने, कोषाध्यक्ष रतन इवनाती एव गोपाल खंडाते जी सहित भारी संख्या में आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे जबकि पार्टी संगठन परमू पूज्य बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, मान. काशीराम जी की विचार धारा बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय को बढाने के उद्देश्य से पार्टी को आदर्श मानते हुए संगठन को मजबूत करते हुए आगामी चुनाव मे अपना प्रत्याशी चिन्हित कर चुनाव में भाग लिया जावेगा और अपने अधिकार एवं हित की लडाई लडी जावेगी।

## ईदगाहों में गूंजी अमन चैन की दुआएं, एक दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद

### मजहबी रसों के साथ मनाया सौंसर में ईद पर्व, ईदगाहों और मस्जिदों में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏩ सौसर

नगर सहित संपूर्ण ग्रामीण अंचलों में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा पारंपरिक हर्षोल्लास और मजहबी रस्मों के साथ मनाया गया। सौसर नगर की विभिन्न मस्जिदों के अलावा पीपला नारायणवार, लोधीखेड़ा और मोहगांव हवेली,बोरगाव जैसे क्षेत्रों में भी ईद की रौनक देखते ही बनी। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

मिली जानकारी के अनुसार नगर में मुख्य ईदगाह में शनिवार सुबह 9 बजे नमाज-ए-ईद अदा की गई। मुफ्ती हारून रशीद साहब ने बड़ी संख्या में उपस्थित अकीदतमंदों को नमाज पढ़ाई। इसी तरह छोटी ईदगाह



पर सुबह कारी इब्राहिम साहब ने नमाज की रस्म पूरी कराई। नमाज के बाद खुतबा पढ़ा गया, जिसमें इस्लाम की शिक्षाओं और मानवता के कल्याण पर जोर दिया गया।नमाज के उपरांत सामूहिक रूप से बारगाह-ए-इलाही में हाथ फैलाकर देश में खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गईं।

जामा मस्जिद सदर हाजी जाफर पटेल, आसिफ पठान, फिरोज खान, खलील भाई, नुरु भाई, हाजी इल्यास भाई, आरिफ खान, ओबेद खान और हाजी हब्बू भाई सहित समाज के प्रतिष्ठित बुजुर्गों और युवाओं ने बड़ी संख्या में इस रूहानी आयोजन में शिरकत की।

नगर के साथ-साथ पीपला नारायणवार और लोधीखेड़ा में भी मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बच्चों में ईद को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, जो नए कपड़ों में सजे-धजे बड़ों के साथ ईदगाह पहुंचे। नमाज के बाद हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद देकर सौसर की गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूत किया।

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा, जिससे सभी आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। आयोजन के दौरान विधायक विजय चौरे पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाजपा नेता राहुल मोहड, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुनील भागे,देवेंद्र केदार, विठ्ठलराव गायकवाड, आदि के द्वारा भी ईदगाह ओर घरों में पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले लगा कर ईद पर्व की शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

### भगवान झूलेलाल जी की जयंती मनाई गई



**भुआबिछिया।** नगर में सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल जी का 1058 वा प्रकाश उत्सव ओर जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई, इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान झूलेलाल जी के तेल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर फूलमाला अर्पण कर प्रसाद वितरण किया गया, और नगर के मध्य स्टॉल लगाकर बाजार आने जाने वाले सभी को प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम सिंह राजपाल, यशवंत बजाज, अशोक नानकानी, बंटी बजाज,, बंटी रावलानी, प्रिंस बजाज, हर्ष बजाज, ओर नगर के लोगों का सराहनीय योग्यदान रहा।

### ऑल इंडिया की नौवीं रैंक में उत्तीर्ण हुए अमित सिंह ठाकुर



**मण्डला।** ग्राम खड़देवरा के सुरेंद्र सिंह एवं श्रीमती प्रतिमा ठाकुर के पुत्र अमित सिंह ठाकुर ने अपने परिवार क्षेत्र व जिले को गौरवान्वित करते हुए ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट वन इंजीनियरिंग गेट परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर में नौवें स्थान पर उत्तीर्ण हुए हैं। कृषक परिवार के अमित ठाकुर ने 785 /1000 स्कोर अर्जित कर यह परीक्षा उत्तीर्ण की है उनकी इस सफलता पर परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है शुभचिंतकों द्वारा बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## छात्रावासों में सामग्री सप्लाई में करोड़ों का खेल

# भ्रष्टाचार का जरिया बना जेम पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏩ मण्डला



आदिवासी बाहुल्य जिला मण्डला में निवासरत आदिवासी वर्ग के बालक-बालिकाओं के शैक्षणिक उत्थान के लिये लगातार प्रदेश की सरकार खुले दिल से पैसा खर्च करती रही है।

पहले के समय में जब छात्रावासों के आभाव में इस वर्ग के बालक-बालिकायें उच्च शिक्षा नहीं ग्रहण कर पाती थीं एक तो गिनती के छात्रावास हुआ करते थे और दूसरा उनमें व्यवस्थाओं के नाम पर ज्यादा कुछ नहीं होता था।

अब लेकिन स्थिति बदल चुकी है नये-नये छात्रावास जिले में बन चुके हैं और यहां की व्यवस्था भी बहुत ही शानदार बनाई गई है छात्र-छात्राओं के उपयोग हेतु उच्च दर्जे की सुविधा और संसाधन सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे हैं छात्रावासों में इन सामग्रियों की खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से होती है सरकार की मंशा तो पाक-साफ है लेकिन जिले के अधिकारी इस मंशा का भरपूर लाभ उठा रहे हैं छात्रावासों में जो सामग्री खरीदी जा रही है वह एक तो गुणवत्ताहीन है दूसरी सामग्री सप्लाई की जो प्रक्रिया है वह पारदर्शी नहीं है साथ नियम के विरूद्ध है।

कहने को तो जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी खरीदी ऑनलाईन हो रही है लेकिन टेंडर प्रक्रिया से लेकर भुगतान तक का गंभीरता से अध्ययन किया जाये तो इस जिले में करोड़ों का खेल किया जा चुका है और यह सब कुछ गिने-चुने अधिकारी एवं व्यापारियों के बीच हो रहा है।

दिखावे के लिये विभिन्न फर्मों की निविदायें तो ली जाती हैं लेकिन ये फर्म कौन सी हैं इनका प्रोपराईटर कौन है कोई नहीं जानता इन्हीं में से जो चहेते व्यापारी की फर्म होती है उसके दाम पहले से ही तय होते हैं सामग्री घटिया सप्लाई होती है लेकिन सत्यापन पूरा कर दिया जाता है न तो पीजीबी अमानत राशि पहले जमा कराई जा रही है और न ही भुगतान के पूर्व भौतिक सत्यापन में ईमानदारी बरती जा रही है।

व्यापारी के लिये निविदा शर्तों का पालन करना कोई आवश्यक नहीं इसके पीछे कारण है कि विभाग के प्रमुख अधिकारी लगातार इन्हें सहयोग करते रहते हैं। पूरी प्रक्रिया इतनी चुपचाप की जाती है कि किसी को कानो-कान खबर भी नहीं होती। बहुत से छात्रावासों में अधीक्षकों से एडवांस में ही भुगतान चैक के माध्यम से ले लिया जाता है और बाद में उन्हें सामग्री सप्लाई की जाती है। बावजूद इसके इन छात्रावासों में अधीक्षक बनने की लोगों में होड़ मची हुई है। भारी-भरकम रकम खर्च करके भी छात्रावास अधीक्षक बनने ये शिक्षक होड़ में लगे हुये हैं। इन छात्रावासों में व्यवस्था कैसी है, छात्राओं को क्या सुविधा मिल पा रही है और छात्रावासों का वातावरण कैसा है इसके लिये अन्य अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है लेकिन ये नियुक्तियाँ भी नियम विरूद्ध और संदेह के घेरे में है।

लगभग 10 माह पूर्व सहायक परियोजना समन्वयक (बालिका शिक्षा) की नियुक्ति पर विभिन्न तरह के सवाल खड़े हुये थे इस पद पर जिसकी नियुक्ति की गई वे जनजातीय कार्य विभाग की शिक्षिका थीं अब वे जिला शिक्षा केन्द्र में कार्य कर रही हैं जबकि वेतन जनजातीय कार्य विभाग से ही प्राप्त हो रहा है। यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति थी, संलग्नीकरण था या फिर स्थानांतरण यह आज दिनांक तक स्पष्ट नहीं हो रहा। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह नियुक्ति नियम विरूद्ध की गई थी इसके लिये राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा में जो न्यूनतम अंक प्राप्त करने थे वे इनके द्वारा पूरे नहीं किये गये सिर्फ कलेक्टर के अनुमोदन के आधार पर तत्काल प्रभाव से इनकी नियुक्ति कर दी गई थी इस पर तात्कालीन क्षेत्रीय संयोजक सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा कहा गया था कि जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षक होने के कारण विभागीय अनुमोदन लेना आवश्यक होता है बिना अनुमोदन जिला शिक्षा केन्द्र में कार्य करने हेतु जो आदेश निकाला गया है विभाग इसकी जांच करेगा और वैधानिक कार्यवाही करेगा लेकिन 10 माह बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही की गई हो यह स्पष्ट नहीं है।

इसके साथ ही तात्कालीन परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा नियुक्ति के संबंध में बताया गया था कि यह व्यवस्था अस्थाई रूप से की गई है कलेक्टर मण्डला के अनुमोदन लेने के बाद यहां जब तक कोई व्यवस्था होती उस समय तक के लिये इन्हें लाया गया है शायद 10 माह बीत जाने के बाद भी व्यवस्था नहीं हो सकी है।


बिना विभागीय अनुमति के सहायक परियोजना समन्वयक की नियुक्ति पर उठे सवाल

अपात्र पर क्यों मेहरबान प्रशासन



## जल गंगा संवर्धन अभियान का बिछिया नगर में हुआ शुभारंभ



### * राममंदिर के सामने एनीकट जलसाय की हुई सफाई।

हरिभूमि न्यूज ⏩ मण्डला/भुआबिछिया

शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल बचाएं, भविष्य संवारें प्रदेश में 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होगा जल गंगा संवर्धन अभियान। जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदेशभर में जनभागीदारी से विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा इसी के तहत नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 14 राममंदिर के समीप स्थित एनीकट घाट में साफ सफाई कर जल गंगा अभियान संवर्धन का शुभारंभ भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर किया गया साथ निकाय की वाटर वाडी की साफ-सफाई का कार्य वृह्द स्तर से किया जावेगा जल गंगा अभियान के तहत तृतीय वर्ष हैं जिसमें कुओं, बावड़ियों, नदियों के पुनरुद्धार के अभियान से सभी वर्गों को जोड़ने के लिए स्थानीय निकाय सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया जा रहा हैं। पुराने तालाबों, चेकडैम और स्टॉपडैम की सफाई व मरम्मत होगी, अतिक्रमण हटाया जाएगा और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया जाएगा.यह अभियान 30 जून तक अनवरत चलेगा। इस असवर पर अध्यक्ष नगर परिषद रजनी मरावी ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। संस्कार बावरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) ने नगर वासियों से अपील की हैं कि जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था घरों में भी करने के उपाय करे। जल स्त्रोतों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। इस अभियान से भू-जल स्तर में सुधार, किसानों को सिंचाई के लिए और अधिक पानी, जल अभाव/अल्प वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत, पर्यावरण-संरक्षण को बल और शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही भविष्य के लिए बेहतर जल प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप



### राजस्थानी महिला मंडल के द्वारा मनाया गया गणगौर उत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राजस्थानी सवायत सहायता महिला मंडल के तत्व धान में दिनांक 14 मार्च दिन शनिवार को अग्रोहा भवन में राजस्थानी महिला मंडल के द्वारा गणगौर उत्सव में ब्यावली साल की बहू बेटियों के द्वारा नृत्य का आयोजन करवाया गया था जिसमें गणगौर की गोरानी सा राधिका की सखियां गणगौर की मस्तानी लड़कियां व मेघा की गणगौर के द्वारा इन चारों ग्रुप के बीच प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें चारों ग्रुप की बहू बेटियों का सम्मान कर चुनरी उड़ाई गई वह राजस्थानी महिला मंडल के द्वारा नृत्य की बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी गई इस वर्ष 21 मार्च दोपहर 3:00 बजे गणगौर विसर्जन का जुलूस निकाला जाएगा जिसमें सभी समाज के सदस्य आमंत्रित है सभी समाज के सदस्यों से निवेदन है कि दोपहर 3:00 बजे दुर्गा चौक दुर्गा मंदिर से नगर पालिका चौक होते हुए मठ मंदिर गणगौर का जुलूस निकाला जाएगा जिसमें बहू बेटियों द्वारा सजाकर लाई गई गणगौर को प्रथम द्वितीय तृतीय व सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

### महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर ऐतिहासिक होगा कवि सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 30 मार्च दिन सोमवार रात्रि 8:30 बजे गांधी चौकशुक्रवारी बाजार में महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर देश के सबसे प्रसिद्ध कवि कविताओं के माध्यम से वं गीत गाज़लो से होगी सुनहरी शाम गजेंद्र प्रियांशु शबीना अदीब अभय निर्भीक सौरभ जयसवाल रामकुमार चतुर्वेदी श्रुति जैन विकास बैरागी की शानदार प्रस्तुति रहेगी शबीना अदीब की रहेगी शानदार प्रस्तुति।

### महाराष्ट्र समाज सिवनी गुड़ी पड़वा का कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महाराज समाज के तत्व धन में दिनांक 19 मार्च 2026 को गुड़ी पड़वा का कार्यक्रम कृष्ण लाल शिवानी में संपन्न हुआ जिसमें लगभग 150 सदस्यों ने सहभागिता की, कार्यक्रम का प्रारंभ रामचंद्र जी के प्रतिमा के सामने दीप प्राजूलन से हुआ, तत्पश्चात सामूहिक भजन संध्या का आयोजन किया गया एवं आरती कार्य पूर्ण होने के बाद छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रामचंद्र सीता की झांकी प्रस्तुत की गई साथ ही सभी बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हुआ, कार्यक्रम में एक से एक अच्छी प्रस्तुति दी गई ।

जिसमें इसमें सातवीं के छात्र सत्यम द्वारा सत्यम द्वारा एक नृत्य प्रस्तुति की गई जो की सभी लोगों द्वारा बहुत सराही गई, कार्यक्रम में 75 वर्षों से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कार्यकारिणी के सदस्य द्वारा किया गया समाज के आगामी कार्य के संबंध में अध्यक्ष हर्ष जटार द्वारा अपनी कार्य योजना के बारे में सबसे चर्चा की कार्यक्रम के अंत में सचिन अविनाश अनवेकर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# बैनगंगा नदी किनारे जलाया जा रहा नगर से निकलने वाला कचरा

## नगर परिषद के लापरवाह पूर्ण रवैए के चलते नदी के किनारे बना डंपिंग यार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।



नगर के बैनगंगा नदी तट स्थित मोक्ष धाम के पास शनिवार 21 मार्च को सुबह देखने में आया कि बड़ी मात्रा में नगर से निकलने वाले कचरे को भारी मात्रा में जलाया जा रहा हैं। जिससे एक बार फिर नगर परिषद छपारा की लापरवाही पूर्ण रवैया देखने में आया।

ज्ञात हो कि पवित्र बैनगंगा के किनारे पूर्व के वर्षों में ग्राम पंचायत के कार्यकाल में कचरा फेंका जाता था उस समय भी स्थानीय जागरूक नागरिकों और मीडिया कर्मीयो की पहल से वहां कचरा फेंकना बंद करवाया गया था। वहीं नगर परिषद के अस्तित्व आने के बाद जब बकायदा कचरा विनिस्तरीकरण का स्थान सुनिश्चित हैं तब एक बार फ़िर बैनगंगा नदी के किनारे स्थान को दूषित करना कहा तक उचित है। किंतु नगर परिषद की लापरवाही पूर्ण रवैए के चलते एक बार फिर नदी किनारे वातावरण को दूषित किया जा रहा हैं। बताया जाता है कि उक्त कचरा जो जलाया जा रहा हैं उसमें वेस्टेज प्लास्टिक पन्नी आदि को डालकर उसमें आग लगा दी गई ज्ञात हो कि नगर परिषद छपारा द्वारा एक कचरा डंपिंग यार्ड नगर से बाहर जामुन पानी ग्राम के पास कचरा निपटान प्रणाली ईकाई को बनाया गया है परन्तु वहां पर कचरा ना पहुंचा कर नगर के ही बैनगंगा नदी पुल घाट मौक्षधाम पर ही डाल कर उसमें आग लगा दी जा रही है और नगर परिषद छपारा द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसे लेकर नगरवासियों की ओर से अपील की जा रही है कि उक्त लापरवाही पूर्वक कार्य को लेकर जिला प्रशासन ठोस कार्यवाही करे ताकि साफ-सफाई को लेकर आमजन में संदेश अच्छा पहुंचे वहीं दूसरी ओर जहां पर कचरा जलाया जा रहा है वहीं पर अज्ञात व्यक्तियों की शिनाख्त नहीं होने की दशा में मिले लोगों को दफ़नाया जाता है उस स्थान को साफ करवाया जाना भी जरूरी है।

# मड़ई टोल प्लाजा पर कर्मचारियों से मारपीट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित मड़ई टोल प्लाजा पर शुक्रवार, 20 मार्च को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तीन वाहनों में सवार दबंगों ने टोल कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना सुबह लगभग 9-10बजे की बताई जा रही है, जबकि इसका सीसीटीवी फुटेज देर रात सामने आया।**

### तलवार और डंडों से टोल कर्मियों पर हमला, मोबाइल लूटकर फरार

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहन क्रमांक पीबी 01 एफ 8387 (टेम्पो ट्रैवलर), पीबी 09 एआर 4181 और पीबी 09 एपी 5266 में सवार लोग बिना टोल चुकाए जबरन बूम बैरियर तोड़कर निकलने का प्रयास कर रहे थे। टोल कर्मचारियों द्वारा रोकने पर आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया। टोल कर्मचारियों के अनुसार, हमलावरों ने शिफ्ट इंचार्ज मुनेश सिंह बघेल पर तलवार की मूठ, बेसबॉल डंडों और घूंसे-लातों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में मुनेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान टोल प्लाजा पर मौजूद अन्य कर्मचारी दहशत में आ गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हमलावर जाते-जाते शिफ्ट इंचार्ज का मोबाइल फोन भी छीनकर सिवनी की ओर फरार हो गए। पूरी घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। मड़ई टोल प्लाजा के मैनेजर अमित कुमार गुप्ता ने लखनादौन थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस तरह की घटना से कर्मचारियों में भय का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। वहीं लखनादौन थाना प्रभारी के.पी. धुर्वे ने बताया कि टोल कर्मचारियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# अनुकम्पा नियुक्ति घोटाले के संबंध में सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिल्ली में दिग्विजय सिंह के आवास पर पहुंचकर सिवनी जिले में हुए अनुकम्पा नियुक्ति घोटाले के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा संबंधित दोषियों पर कार्यवाही हेतु ज्ञापन सौंपा। जिसके पश्चात दिग्विजय सिंह ने इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की मांग की।

# एसडीएम के आवश्वासन के साथ पार्षदों ने अनशन समाप्त किया

**नगर परिषद के 15 वार्ड के 8 पार्षद एकजुट होकर के नगर परिषद में हुए भ्रष्टाचार को लेकर दिनांक 19 मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन पर चांदनी चौक मे बैठे हुये थे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।



अनशन मे बैठने बाले पार्षदो मे स्वराज सिंह बघेल, राममिलन कुर्वेती, श्रीमति राजकुमारी राजेश उइके, श्रीमति अनुसुइया सुरेंद्र साहू, नीरज रानू ठाकुर, श्रीमति साधना दारासिंह जंघेला, श्रीमति देवकी सेवकराम साहू, श्रीमति मिथलेस नीरू तेकाम सिरोली थे। अध्यक्ष, ठेकेदार ओर कर्मचारियो की मिली भगत से नगर परिषद मे शासकीय राशि का दुरूपयोग कर भारी अनिमितयता एवं भ्रष्टाचार किये गये हे।जिसकी लिखित शिकायत फरवरी मे कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले सिवनी को पार्षदो ने दिया हुआ था, शिकायत की जांच के लिये गठित कमेटी के द्वारा विचाराधीन फाईलो को जब्त कर जांच के लिये जांच कमेटी ने सिवनी ले जाया लिया है।लगाये गये भ्रष्टाचार के गंभीर अरोपो को दबाया ना जाये, उचित जांच हो इसके लिए अनशन मे बेठे पार्षदों से चर्चा के लिये आज चांदनी चौक अनशन स्थल पर पहूंचे महेश अग्रवाल एसडीएम ने स्वराज सिंह बघेल पार्षद की पुरी बाते सुनकर एवं साक्ष्यो का अवलोकन कर पूर्ण जांच का आवश्वासन दिया ओर अनशनरत पार्षदों को जुस पिलाकर अनशन तुडवाया। इस मौके पर दीक्षा बासनिक तहसीलदार उगली एवं नगर परिषद के कर्मचारी, पुलिस प्रशासन के कर्मचारी श्रीमति दुलारी बाई कुमरे जिला पंचायत सदस्य, सुभाष बघेल ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस ,जोगीलाल सरयाम, रमाशंकर महोबिया, रफीक खान,रामनरेश दुबे,राजू मेहरा, स्वप्निल उपाध्याय, सियाराम ठाकुर,बसंत यादव ,संस्कार तिवारी पत्रकार गण, बब्लू ठाकुर, गजेंद्र सिंह बघेल सहित अन्य नागरिक उपास्तिथ थे।

# ईदुलफितर ईद पर्व शांति पूर्वक मनाया गया अमन-चैन भाई चारे का पर्व ईद



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सिवनी ईदुलफितर ईद पर्व शांति पूर्वक मनाया गया अमन-चैन भाई चारे का पर्व ईद जिले भर में मुस्लिम समुदाय द्वारा सुबह 7 बजे से 9/30 बजे तक अलग-अलग क्षेत्रों में ईदगाह मस्जिद एवं मस्जिदों में नमाज अदा की गई राज्य परिवहन बस स्टैंड स्थित मस्जिद नूर अंबिया के सामने मैदान में ईदुलफितर ईद की नमाज़ अदा की गई ज़िले भर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं साफ़ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने नगरपालिका परिषद क्षेती पार्षद सहित प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार बधूओ का हार्दिक आभार धन्यवाद शुक्रिया अदा करते हैं। सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी शोएब भाई नौशाद भाई बाबा भाई जिशान भाई नाजिम भाई मोहसिन भाई नौशान भाई नबबू भाई अहसान भाई जुनेद भाई नूर अली शहा कमेटी बस स्टैंड सिवनी।

### एकल अभियान लखनादौन में हुआ रामरथ का आगमन

**हिन्दू नववर्ष में वाहन रैली के साथ किया नगर भ्रमण**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री राम रथ, पावन भूमि-धाम अयोध्या से चलकर संत महात्माओं के आशीर्वाद से अनेक प्रांत अनेक नगर और राजस्थान जयपुर से होते हुए मुंबई से होते हुए आज हमारे लखनादौन जिला सिवनी में एकल श्री हरि रथ मंदिर का आगमन हुआ, मंदिर के दानदाता स्वर्गीय श्री किशन स्वरूप बाबूजी की पुण्य स्मृति में रामरथ की सप्रेम भेंट की गई है। यह रथ जिले के प्रत्येक वनवासी ग्रामों में पहुंचेगा,मंदिर दर्शन एवं भ्रमण हेतु हरी झंडी दिखाकर शुरुआत आज नगर लखनादौन में किया गया है। श्री राम मंदिर लखनादौन से नगर भ्रमण की शुरुआत की गई एवं नगर भ्रमण के बाद श्री राम मंदिर में सामूहिक आरती की व्यवस्था की गई, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, एकल अभियान, हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल के पदाधिकारी एवं नगर की मातृशक्ति संगठन एवं अन्य सभी सामाजिक कार्यकर्ता - संगठन भी सम्मिलित हुए।

# सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है

**लखनादौन स्थित श्री राम मंदिर ट्रस्ट में आज एक अत्यंत प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब बहुआयामी प्रतिभा के धनी अन्नू पांडेय जी को स्वयं प्रसाधन (शौचालय) की सफाई करते हुए देखा गया। यह दृश्य न केवल सेवा भाव का प्रतीक था, बल्कि सच्चे धर्म की गहरी अनुभूति भी कराता है।**



अन्नू पांडेय जी द्वारा मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से एवं निशुल्क सेवाएं दी जा रही हैं। उनका यह कार्य यह दर्शाता है कि धर्म केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता, सेवा और समर्पण भी उसका अभिन्न अंग हैं।

उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध कर दिया कि "सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।" मंदिर जैसे पवित्र स्थल की स्वच्छता बनाए रखना भी उतना ही पुण्य का कार्य है, जितना कि भक्ति और आराधना।

उनकी इस विनम्र सेवा भावना को देखकर उपस्थित लोगों में अत्यंत खुशी और प्रेरणा का भाव उत्पन्न हुआ। समाज के लिए यह एक संदेश है कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास स्वच्छता और सेवा का संकल्प ले, तो यही सच्चे धर्म का पालन होगा।

# फाइनल में पहुंची प्रेस 11, सेमी फाइनल में हेल्थ 11 को हराया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भैरोगंज झूलेलाल कॉलोनी स्थित क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे टूर्नामेंट में बुधवार 17 दिसंबर को सेमीफाइनल मैच प्रेस 11 एवं हेल्थ 11 के मध्य खेला गया जिसमें प्रेस 11 ने धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है फाइनल मुकाबला शुक्रवार 19 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे खेला जाएगा. प्रेस 11 के कप्तान अयोध्या विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार को टॉस जीतकर हेल्थ ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया. बल्लेबाजी करने उतरी प्रेस 11 टीम के ओपनर राजू विश्वकर्मा और आयान ने रिकार्ड साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 128 रन तक पहुंचाया जिसमें राजू ने 24 गेंद में 63 रन जिसमें पांच छक्के और 7 चौके शामिल है जबकि अयान ने 22 गेंद में 38 रन की शानदार पारी खेली जिसमें उन्होंने तीन छक्के और दो चौके भी लगाए. जबकि अमित ने 12 गेंद में 20 रन बनाए. बल्लेबाजी करने उतरी हेल्थ 11 की टीम सात विकेट खोकर मात्र 64 रन ही बना सकी. वही अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए राजू विश्वकर्मा को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट गेंदबाज का खिताब नंदन कटर को दिया गया. गेंदबाजी में वाहिद खान नरेंद्र ठाकुर अयोध्या विश्वकर्मा एवं आसिफ खान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रेस 11 को फाइनल में पहुंचाया. संजय अग्रवाल अजय मसब में बेहतरीन फील्डिंग की. इस मैच में टूर्नामेंट की रिकॉर्ड 98 रनों की ओपनर साझेदारी प्रेस 11 द्वारा की गई. कप्तान अयोध्या विश्वकर्मा की रणनीति के चलते टीम को फाइनल में प्रवेश कराया. श्री विश्वकर्मा ने जीत का श्रेय सभी खिलाड़ियों को दिया है।

### 23 मार्च को आस्था के केन्द्र शुक्रवारी चौक में होगी श्रीराम दरबार की स्थापना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर 23 मार्च से 26 मार्च तक नगर के हृदय स्थल आस्था के केन्द्र शुक्रवारी चौक में श्रीराम दरबार की स्थापना कर प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से संगीतमय महाआरती एवं सुमधुर भजनों का आयोजन किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि पिछले सात-आठ वर्षों से लगातार नगर में श्रीराम जन्मोत्सव ने बड़ा और व्यापक रूप ले लिया है जहां रामभक्त युवाओं और सनातनियों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों को ध्वज पताकाओं सहित तोरण प्रवेश द्वार से सुसज्जित सजा कर नगर उत्सव के रूप में भव्यता के साथ मनाया जाता है। सिवनी के हृदय स्थल शुक्रवारी चौक में श्रीराम दरबार की स्थापना देश और प्रदेश में एक अनूठा उदाहरण है।

### लौह पुरुष, सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतीक चिन्हों को लेकर भारत भ्रमण पर सरदार पटेल एकता यात्रा गुजरात से निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**लौह पुरुष, सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतीक चिन्हों को लेकर भारत भ्रमण पर सरदार पटेल एकता यात्रा गुजरात से निकाली गई है।**

उपरोक्त रथ यात्रा में वल्लभभाई पटेल की स्मृतियां भी विराजमान है जिसमें ओरिजिनल 3 किलो सोने का स्तंभ जिसे रजवाड़े द्वारा उनको सम्मान में दिया गया था, जो रथ में बुलेट प्रूफ शीशे के अंदर रखा हुआ है साथ में उनकी चरण पादुका जिसे पटेल साहब पहनते थे, उनके जल का लोटा जिससे वह पानी पिया करते थे और साथ में उनकी संदूक जिसके अंदर उनकी स्मृतियां विराजमान है।

सरदार पटेल के प्रतीकों को लेकर रथ यात्रा गुजरात एवं मध्यप्रदेश विभिन्न जिलों का भ्रमण करते हुए 23 मार्च को छिंदवाड़ा होते हुए सुबह 11.00 बजे सिवनी जिला में प्रवेश करेगी। हम सभी लोग सरदार पटेल एकता यात्रा का स्वागत सिवनी शहर के शुरू में छिंदवाड़ा रोड बाईपास चौक में भागीरथ ट्रेक्टर के सामने करेंगे एवं इसी स्थान से रथ यात्रा के साथ अपने वाहन फोर एवं टु व्हीलर पर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा शहर में निकालने जा रहे हैं।

रथयात्रा का मार्ग भागीरथ ट्रेक्टर छिंदवाड़ा रोड से प्रारंभ होकर, शंकराचार्य चौक, शंकर मढिया, नगरपालिका, कचहरी चौक, गणेश चौक, डूंडा सिवनी चौक से सात फेरे लान मंडला रोड में सभा और शोभायात्रा का समापन होगा, इसके पश्चात यात्रा बालाघाट के लिए प्रस्थान करेगी। शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह पर सरदार पटेल के अनुयायियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

अतः आप सभी लोगों से निवेदन है कि आप लोग इस यात्रा में शामिल होकर सरदार पटेल के प्रतीकों के दर्शन करें एवं यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का कष्ट करें।

## युवा विचार मंच ने दी चेतावनी, सड़क निर्माण नहीं हुआ तो होगा बड़ा जनआंदोलन

# सिवनी-बालाघाट सड़क बनी 'मौत की सड़क' 23 मार्च को बरघाट में होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी-बालाघाट मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसों से लोगों में गहरा आक्रोश है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की जान जाने के बाद अब युवाओं ने इस मुद्दे को लेकर खुलकर आवाज उठाई है। गैर-राजनीतिक संगठन युवा विचार मंच ने सिवनी और बालाघाट जिले के युवाओं के साथ मिलकर सरकार और जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगा है तथा सड़क निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है।

शुक्रवार 20 मार्च को सिवनी के अग्रोहा लॉन, ज्यारत नाका (जबलपुर रोड) में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंच के पदाधिकारियों ने पत्रकारों को बताया कि 23 मार्च 2026 को बरघाट में सिवनी-बालाघाट सड़क के निर्माण की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन में सिवनी और बालाघाट जिले के बड़ी संख्या में युवा और नागरिक शामिल होंगे।

प्रेस वार्ता में मंच के पदाधिकारी देव पवार उर्फ बनवारी सेठ, राजेंद्र ठाकुर, अनुराग सहित बरघाट क्षेत्र, बालाघाट और सिवनी जिले के कई लोग उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सिवनी-बालाघाट मार्ग अब पूरी तरह "मौत की सड़क" बन चुका है, जहां आए दिन भीषण हादसे हो रहे हैं और निर्दोष लोगों



की जान जा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर उठे सवाल

युवा विचार मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर खड़ा हो रहा है। लगातार दुर्घटनाओं के बावजूद न तो क्षेत्र के विधायक, सांसद और न ही सत्ता व विपक्ष के नेता इस गंभीर समस्या को लेकर प्रभावी पहल करते दिखाई दे रहे हैं। इससे आम जनता में निराशा और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता अब जमीनी समस्याओं से दूरी बनाए हुए हैं। यदि जल्द ही सिवनी-बालाघाट सड़क के निर्माण और सुधार को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह आक्रोश आने वाले समय में बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर एकजुट हो रहे युवा

मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि सिवनी और बालाघाट जिले के युवाओं तथा आम नागरिकों के साथ मिलकर सड़क निर्माण की मांग को लेकर जनजागरण किया जा रहा है। 23 मार्च को बरघाट में होने वाला आंदोलन इसी कड़ी का पहला चरण होगा, जिसमें प्रशासन और सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाई जाएगी। युवा विचार मंच ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस आंदोलन में शामिल होकर सिवनी-बालाघाट सड़क के निर्माण की मांग को मजबूत बनाएं, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप

### जन अभियान परिषद द्वारा मदनपुर में बोरी बंधान, जल संरक्षण का दिया संदेश

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड वारासिवनी (जिला बालाघाट) के मार्गदर्शन में ग्राम मदनपुर में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत बोरी बंधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मदनपुर तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु श्रमदान कर बोरी बंधान किया गया। इसके पश्चात आयोजित संगोष्ठी में विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने वर्तमान समय में जल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि अभी से जल संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य गंभीर संकट में पड़ सकता है। उन्होंने "जल नहीं तो कल नहीं" का संदेश देते हुए सभी से जल बचाने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढे जैसे छोटे-छोटे उपाय अपनाकर सामुदायिक सहभागिता के साथ जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर परामर्शदाता निकिता मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वरी बिसेन, सुनीता नरबदे, मंजुलता भलावी सहित समिति के पदाधिकारी और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अचानक बिगड़े मौसम ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को अचानक तेज हवाओं के साथ हुई बूंदा-बांदी से किसानों की चिंतायें बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि खेतों में चना मसूर और गेंहू की फसल पकी हुई खड़ी है। और यदि मौसम आगे बिगड़ता है तो फसलों को नुकसान हो सकता है। 50 प्रतिशत से ज्यादा तो फसलें कट चुकीं हैं। लेकिन अभी थ्रेसिंग होना बाकी है। खेतों में लांक पड़ी हुई है। कुछ फसल कटने को खड़ी हुई है। गेहूं की फसल लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा खड़ी हुई है।हवायें चलने से गेहूं की फसल आड़ी हो सकती है। काटने में अधिक परेशानी होगी हार्वेस्टिंग नहीं हो सकती है।मौसम को देखते हुए किसान जी जान से फसल काटने में जुट गए हैं।

### संपन्न हुये अधिवक्ता संघ के चुनाव

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा अधिवक्ता संघ के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें अध्यक्ष बसंत पटेल उपाध्यक्ष श्रीमति यामिनी राय सचिव अर्पित राय सह सचिव वर्षा जैन कोषाध्यक्ष सुनील कुमार पटेल तथा ग्रंथ पाल शिवगिरी गोस्वामी निर्वाचित हुए नव निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में वरिष्ठ एड , चंदन श्रीवास्तव ब्रजेश शर्मा धाकड़ दिनेश धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही।नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### जहरीली वस्तु के सेवन से व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी निवासी युवक द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार पिता मुन्नालाल प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी देवनगर नया थाना मुंगवानी द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु के सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया।

### सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी निवासी की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेतराम पटेल पिता हल्के लोधी अपने खेत में सिचाई कार्य करते समय सर्प ने काट लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड प्रतियोगिता के लिए जिले के 4 छात्र-छात्रायें ग्वालियर रवाना





राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में आयोजित ओलम्पियाड प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिले में जन शिक्षा केन्द्र एवं जिला स्तर पर आयोजित ओ.एम.आर. आधारित इस प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 8 तक के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक कक्षा एवं विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 32 विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 18 जनवरी 2026 को कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया था। इन्हीं में से 4 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड के लिए हुआ है, जो 22 से 23 मार्च 2026 तक ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है।21 मार्च को बालाघाट से चयनित छात्र अपने पालकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ ए.पी.सी. अकादमिक श्री विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में ग्वालियर के लिए रवाना हुए। चयनित छात्र-छात्राओं में कक्षा 5 के खुशांत कुम्भलवार, कक्षा 4 की कु. आर्या पटले, कक्षा 3 के प्रियांश कटरे एवं कक्षा 2 की कु. श्री रहांगडाले इन विद्यार्थियों के साथ उनके पालक एवं मार्गदर्शी शिक्षक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने उनकी तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।जिला शिक्षा केन्द्र के डी.पी.सी. श्री जी.पी. बर्मन, बी.आर.सी. वारासिवनी श्री शरणागत एवं बी.आर.सी. कटंगी श्री हरिनखेड़े ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल बालाघाट जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन

**बालाघाट।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा द्वारा ग्राम पंचायत खैरगाँव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीएमश्री शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कान्ता वर्मा (सहायक प्राध्यापक, शासकीय डिग्री कॉलेज लांजी) एवं डॉ. किशोरी लाल अहिरवार (सहायक प्राध्यापक, जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट) शामिल हुए। शिविरार्थियों ने गांव में रैली निकालकर "जल है तो कल है" और "जल ही जीवन है" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही विषय पर बौद्धिक चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें जल के संरक्षण और संवर्धन के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में शिविर नायक सुदेन्द्र छिपेकर सहित सुरभि रंगारे, स्वाति गौतम, दुर्गेश्वरी पारधी और श्रेया पंचेश्वर ने सक्रिय सहभागिता निभाई।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री बी.आर. महंत, श्री धुरन प्रसाद सौलखे एवं श्री नरेश लिल्हारे सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रामीणों को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया गया।

### फुटवियर एवं फैशन डिजाईनिंग के स्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए 10 मई को छिंदवाडा में होगी परीक्षा

फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (एफ.डी.डी.आई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा ऑल इंडिया सिलेक्शन टेस्ट (ए आई एस टी) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस परीक्षा के माध्यम से देशभर के एफडीडीआई संस्थानों में डिजाइन और प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यो को निर्देशित किया है कि इस परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक छात्रों को शामिल होने के लिए उनके फार्म भरवाए। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि एफडीडीआई संस्था आईआईटी के समकक्ष एक प्रतिष्ठित संस्थान है। इस संस्थान द्वारा 04 वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसमें प्रवेश लेने पर अनुसूचित जाति विद्यार्थी वर्ग के छात्र छात्राओं को 04 साल में 04 लाख 75 हजार रुपए की छात्रवृत्ति जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। इस संस्थान के स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को एफडीडीआई ईमली चौक नागपुर रोड छिंदवाडा में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी 20 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा के बाद मेरिट सूची एफडीडीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी तथा चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 26 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से बैचलर ऑफ डिजाइन (फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन) और बैचलर ऑफ डिजाइन (फैशन डिजाइन) जैसे चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।

## एक-दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद





**ईदगाह में पढ़ी गई ईद की नमाज**

**कटंगी।** रमजान के पाक महीने के समापन पर मनाया जाने वाले ईद-उल-फितर का मुस्लिम त्योहार 21 फरवरी दिन शनिवार को पूरे क्षेत्र में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। तय समय यानी सुबह सवा 09 बजे ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई। कटंगी, तिरोड़ी, महकेपार, जराहमोहगांव के ईदगाह में ईद-उल-फितर की विशेष नमाज अदा की गई। जिसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की दिली मुबारकबाद दी। कटंगी के ईदगाह में वरिष्ट समाजसेवी विजय सिंह सरस्वार, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, प्रियांश राउत, सोनू राहंगडाले, प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार राकेश प्रजापति, पटवारी और पुलिस ने पहुंचकर मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर ईद की बधाई दी। मुस्लिम भाईयों ने हिंदू भाईयों को घर पर सेवई की दावत का न्योता दिया। ईदगाह से मौलाना ने सादगी से ईद मनाने और अमन-चैन के लिए दुआ करने की अपील की। यह पर्व चारों तरफ भाईचारा और इंसानियत लेकर आए इन दुआओं के साथ मुस्लिम देश जहां इन दिनों युद्ध चल रहा है। वहां के हुक्मरानों से इस पर रोक लगाने की गुजारिश की गई। यह त्योहार आपसी भाईचारे, दान (जकात और फितरा) और जरूरतमंदों की मदद का प्रतीक है। जिसके चलते ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने आए दीनों को दान किया। सोशल मीडिया के जरिए भी लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते रहे।

ईद के त्योहार को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में बेहद उत्साह नजर आया। वह नए-नए कपड़े पहनकर बड़ी संख्या में ईदगाह पहुंचे और अपने हम उम्र के साथियों को ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। कटंगी में ईद के इस खास मौके पर शांति और भाईचारे का संदेश फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। आस्था और एकता का यह पर्व सभी धर्मों के लोगों को एक साथ ला सकता है। यह संदेश देने के लिए हिंदू भाई-मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर खुशियाँ बांटते दिखाई दिए। जिसके चलते यह त्योहार सौहार्द का प्रतीक बन गया। ईद का जश्न न केवल मुस्लिमों के लिए, बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए खुशियों का संदेश देकर गया।

## रातों रात बन गई सवा किलोमीटर सड़क

**72 लाख रुपये से बनी सड़क 20 दिन में ही उखड़ने लगी**

**मामला आमगॉव से बरबसपुर सड़क मार्ग का जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत ने किया निरीक्षण**



**सड़क निर्माण जॉच की मॉग की**

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम आमगॉव से बरबसपुर तक लगभग सवा किलोमीटर तक रातोंरात बनाई गई सड़क सवालों से घिर गई है। इस सड़क निर्माण को लेकर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 की जिला पंचायत सदस्य डॉ. गीता हनवत व ग्रामीणों ने कई सवाल खड़े किए है। जिनका जवाब सड़क निर्माण एजेंसी के पास नहीं है। इस सड़क मार्ग के निर्माण की मॉग ग्रामीणों द्वारा वर्षो से की जा रही थी, लेकिन जब यह सड़क बनी है, तो उसकी घटिया गुणवत्ता ने ग्रामीणों की आशाओं पर पानी फेर दिया है।

**कही चौड़ाई कम, कही लंबाई कम, गुणवत्ता का अभाव**

वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में अनेक सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। जिसमें कहीं सड़कों की लंबाई कम हो जाती हैं, तो कहीं सड़क की गुणवत्ता में ही हेरफेर कर दिया जा रहा हैं, तो कहीं सड़क की चौड़ाई कम कर दी जाती हैं। जिसकी देखरेख करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारी ले देकर खामोशी अख्तियार कर लेते हैं। ऐसा ही सिलसिला बदस्तूर यथावत जारी है, जिस पर ठोस कार्यवाही सकारात्मक पहल का सदैव अभाव देखने सुनने आसानी से मिल जाता हैं।

**ग्रामीणों को लगी नहीं भनक, रात में सड़क बन कर हो गई तैयार**

ऐसा ही वाक्या जनपद पंचायत वारासिवनी के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के अंतर्गत ग्राम आमगांव से बरबसपुर मार्ग का सामने आया हैं। जहां 72 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत सवा किलोमीटर लंबाई की सड़क रातों रात बना दी गई। यह सड़क आमगॉव निवासी लक्ष्मी प्रसाद उपवंशी के खेत से बरबसपुर तक रात के अंधेरे में कब निर्माण कर ली गई, ग्रामीणों को भी इसकी भनक नहीं लग पाई। लगभग 20 दिवस पूर्व रात के अंधेरे में सवा किमी की इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक बालाघाट द्वारा किया गया है।

**20 दिन में ही डामर उखड़ने व गिट्टियॉ लगी निकलने**

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत बरबसपुर से आमगांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद उपवंशी के खेत तक मार्ग लंबाई 1.25 किलोमीटर सड़क के लिए 13 सितम्बर 2023 को 72 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई थी। रात के अंधेरे में बनाई गई इस सड़क में हुए भ्रष्टाचार की कलई 20 दिन में ही खुल गई है। मार्ग को देखने से कहीं से ऐसा लगता नहीं कि 72 लाख रुपये का काम किया गया होगा। इस सड़क मार्ग पर बिछाया गया डामर पैरों से उखड़ रहा है। इस सड़क पर वाहनों के चलने के साथ ही गिट्टियॉ व चिल्लियॉ बाहर निकल रही है।

**जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत ने निरीक्षण कर जॉच की मॉग की**

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 की सदस्य श्रीमती गीता हनवत ने ग्रामीणों की शिकायत पर इस मार्ग का निरीक्षण किया, तो पाया कि इसमें भारी भ्रष्टाचार किया गया है। लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक बालाघाट स्वयं एजेंसी होते हुए भी मार्ग की गुणवत्ता का ध्यान ना रखा जाना किस बात का घोतक है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता हनवत ने कहा कि उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन लगाया, तो पहले तो फोन उठाया नहीं गया और जब उठाया गया, तो उन्हें मालूम ही नहीं है कि सड़क पर खुला भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। जिस पर क्या कार्रवाई की जाएगी? उससे अधिकारियों का मुंह फेर लिया जाना बड़ी मिली भगत की ओर संकेत करता हैं। श्रीमती हनवत व ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया है कि वह अविलंब अपने कार्यालय से निकलकर क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार के खुले खेल पर लगाम लगाये। वहीं इस सड़क निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जॉच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये।

## समग्र विकास के लिए कार्य करे प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी-निरंजन बिसेन

**शक्ति संचय अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन समिति का प्रशिक्षण सम्पन्न**



**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति द्वारा प्रस्फुटन क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथिगण निरंजन बिसेन, सुरेंद्र कुमार भगत विकासखंड समन्वयक, श्रीमती लक्ष्मी नगपुरे जनपद सदस्य, निकिता मिश्रा परामर्शदाता ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में कैरियर शिक्षा समिति अध्यक्ष निरंजन बिसेन ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए क्षमतावर्धन प्रशिक्षण अन्तर्गत शक्ति संचय अभियान के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने स्वच्छता, जल संचय और अन्य विषयों पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य करे। परामर्शदाता निकिता मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के संचालन के संबंध में विस्तार से बताया गया।सुरेंद्र कुमार भगत द्वारा समितियों की क्षमता वर्धन हेतु समिति को कैसे कार्य करना है? उनकी क्षमता का संचय कैसे होगा? पर विचार व्यक्त करते हुए दस्तावेजीकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जनपद सदस्य लक्ष्मी नगपुरे द्वारा समिति द्वारा किए जा रहे कामों की सराहना करते हुए कहां गया कि जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं। जल संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण के लिए बहुत सक्रियता से कार्य कर रही है।समापन कार्यक्रम में सभी उपस्थित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरण किये गए। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश मिश्रा कार्यक्रम समन्वयक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य झामसिह बिसेन, चिंतामन टेम्भरे सहित समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति रही।

## भगवान झूलेलाल जयंती पर निकली बाईक रैली व भव्य शोभा यात्रा

**वारासिवनी।** भगवान झूलेलाल की जयंती नगर में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय गुरुनानक मंदिर में प्रातः काल पूजन व अरदास की गई। फिर युवक-युवतियों द्वारा गुरुनानक धर्मशाला से बाईक रैली निकाली गई। गुरुनानक देव की जय और आयोलाल झूलेलाल के उद्घोष के साथ निकली यह बाईक रैली जय स्तम्भ चौक, सरस्वती शिशु मंदिर, दीनदयाल चौक, रामपायली चौक, गोलीबार चौक, आंबेडकर चौक, सब्जी बाजार होते हुए नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड होकर वापस गुरुनानक धर्मशाा पहुँची। विधायक, पूर्व विधायक पहुँचे पूजा अर्चना करने मंदिर बाईक रैली की वापसी के बाद गुरुनानक मंदिर में गुरुग्रंथ साहब की आरती, भोग साहब और कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने के लिए मंदिर पहुँचे विधायक विवेक विक्की पटेल व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, भूतपूर्व विधाक डॉ. योगेन्द्र निर्मल का पूज्य सिंधी पंचायत वारासिवनी के अध्यक्ष गिरधारी चिमनानी, पूर्व अध्यक्ष लखीराम रामचंदानी, मोहनलाल चिमनानी, महेश सचदेवा, घनश्याम अटलानी, राजेश परियानी, राकी गिडवानी, हरेश सचदेवा आदि ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। उसके बाद विधायक श्री पटेल व पूर्व विधायक श्री जायसवाल ने गुरुग्रंथ साहब पर चादर अर्पित की और क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। इस पूजा अर्चना में नगर के सिंधी समाज, पंजाबी समाज के साथ ही विभिन्न समुदाय के नागरिकों ने भाग लेकर विशाल लंगर में भोजन कर पुण्य लाभ कमाया। इसके बाद शाम के समय गुरुनानक मंदिर व धर्मशाला से एक भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। यह शोभा यात्रा धर्मशाला से निकल कर जय स्तम्भ चौक, नेहरु चौक, आंबेडकर चौक, गोलीबार चौक होकर वापस कटंगी रोड होते हुए वार्ड नम्बर 8 चंदोरी के तालाब पहुँची, कलशों का विसर्जन कर शोभा यात्रा का समापन किया गया और फिर सभी लोग वापस धर्मशाला पहुँचे।

## जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में गतिविधियां आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ किया। इसी क्रम में विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में जिला मुख्यालय नरसिंहपुर स्थित सींगरी नदी के बाबाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू वार्ड, गांधी वार्ड एवं राजीव वार्ड के वार्ड विकास प्रस्फुटन समितियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना रहा।